**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये**

**<u>तारांकित प्रश्न संख्या-02 का उत्तर</u>**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 02 (क) क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं/बच्चों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने एवं उनके सर्वांगीण विकास हेतु महत्वाकॉक्षी योजना खेलो इण्डिया योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में खेल अवस्थापना सुविधाओं का निर्माण कराया जा रहा है? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या गॉव में खेल का मैदान व ओपेन जिम की व्यवस्था का कार्य संचालित है ? | गांव में खेल का मैदान व ओपेन जिम की व्यवस्था का कार्य जनपद में ही मनरेगा कन्वर्जेन्स के अंतर्गत किया जाता है। |
| (ग) जनपद-हरदोई विकास खण्ड-माधौगंज के ग्राम सभा समुखा में युवा कल्याण विभाग को 08 बीघा के लगभग निशुल्क भूमि वर्ष-2006 में आवंटित कर युवा कल्याण विभाग-हरदोई के नाम अभिलेखों में अंकित कराते हुए हस्तगत कर दी गई थी परन्तु अभी तक उक्त स्थान को मिनी स्टेडियम /खेल के मैदान के रूप में विकसित नहीं किया गया है ? | जी हॉ। |
| (घ) यदि हॉ, तो उक्त प्रस्ताव शासन स्तर पर कब से लंबित है तथा उक्त ग्राम सभा-समुखा अभी तक ग्रामीण मिनी स्टेडियम/ खेल अवस्थापना सुविधाओं से वंचित है? | जिलाधिकारी, हरदोई के पत्र दिनांक 15-09-2017 द्वारा ग्राम सभा- समुखा में खेलो इण्डिया योजनान्तर्गत मल्टीपरपज हाल के निर्माण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था, जिसे शासन के पत्र दिनांक14-11-2017 द्वारा भारत सरकार भेजा गया था। भारत सरकार द्वारा दिनांक 27-08-2019 को उक्त प्रस्ताव अस्वीकृत करते हुए |

| | |
|---|---|
| | वापस कर दिया गया। खेलो इण्डिया योजना की नवीनतम गाइडलाइन जारी होने के उपरान्त महानिदेशालय के पत्र दिनांक 30-12-2022,13-01-2023, 22-10-2024 एवं 04-11-2024 द्वारा जिलाधिकारी, हरदोई से प्रस्ताव उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा की गई थी तद्क्रम में जिलाधिकारी, हरदोई द्वारा दिनांक 07-11-2024 को प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया, किन्तु उक्त प्रस्ताव खेलो इण्डिया की नवीनतम गाइडलाइन के अनुसार न होने के कारण महानिदेशालय के पत्र दिनांक 11-12-2024 द्वारा जनपद को वापस करते हुए उक्त गाइडलाइन के अनुसार प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी, हरदोई को निर्देशित किया गया है। |
| (ड.) क्या जनहित में प्रदेश में संचालित योजना के अन्तर्गत ग्राम समुखा में ग्रामीण मिनी स्टेडियम /ओपेन जिम योजना के अन्तर्गत चयनित कर खोला जाएगा? | जी नहीं।<br>ग्राम समुखा में खेलो इण्डिया योजनान्तर्गत मल्टीपरपज हॉल/ स्टेडियम के निर्माण हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किए जाने की कार्यवाही प्रचलित है। |
| (च) यदि हॉ, तो कब तक ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**गिरीश चन्द्र यादव**
**राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)**
**युवा कल्याण विभाग**